दिनांक 22 नवंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

छठ पूजा के बाद तालाबों की सफाई में जुटा निगम का अमला

भिलाई नगर। निगम प्रशासन छठ पूजा के बाद घाट और तालाबों की सफाई में जुटा हुआ है। पानी में तैर रहे फूल , पूजन सामग्री इत्यादि को जाली से खींचकर बाहर निकाला जा रहा है। सूखने के बाद सफाई वाहन से भरकर फूलमाला और कचरे को एसएलआर सेंटर पहुंचाया जा रहा है। ताकि उससे जैविक खाद तैयार किया जा सके। तालाब परिसर में स्वीपिंग का कार्य किया जा रहा है! तालाबों की सफाई के लिए प्रत्येक जोन के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सफाई के लिए कर्मचारियों का दल तैयार किया गया है! बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा के लिए तालाब परिसर पहुंचते हैं! शिवाजी नगर क्षेत्र के स्वच्छता प्रभारी महेश पांडे ने बताया कि छठ पर्व में पूजन सामग्री के लिए उपयोग किए जाने के बाद बचे हुए अवशेष की सफाई करने का कार्य किया जा रहा है जिसके लिए खुर्सीपार क्षेत्र के तालाबों की सफाई के लिए 60 स्वच्छता कर्मचारी इस कार्य में लगे हुए हैं! छठ पूजा संपन्न होने के बाद पुष्प, गन्ने के छिलके, पटाखों के कचरे की सफाई की जा रही है! जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर क्षेत्र में स्मृति नगर पुलिस चौकी के पास स्थित अटल बिहारी वाजपेई सरोवर, वार्ड क्रमांक 4 सुपेला संजय नगर स्थित तालाब, वार्ड क्रमांक 6 शीतला तालाब, वार्ड क्रमांक 7 दाऊबाड़ा तालाब, आमा तलाब, वार्ड क्रमांक 9 लिम्हा तालाब, नेहरू नगर भेलवा तालाब (गुरु नानक देव सरोवर) , हुडको स्थित तालाब! जोन क्रमांक 2 अंतर्गत कुरूद नकटा तालाब (वर्तमान नाम देवदास बंजारे तालाब) , कैंप वन स्थित तालाब, घासीदास नगर स्थित तालाब एवं वार्ड क्रमांक 26 हाउसिंग बोर्ड स्थित सूर्यकुंड तालाब! जोन क्रमांक 3 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 21 बैकुंठ धाम स्थित तालाब एवं वार्ड क्रमांक 50 सेक्टर दो स्थित तालाब! जोन क्रमांक 4 अंतर्गत बापू नगर स्थित तीन तालाब (वर्तमान नाम महात्मा गांधी सरोवर), वार्ड क्रमांक 28 दर्री तलाब (वर्तमान नाम शहीद चुम्मन यादव सरोवर), वार्ड 28 सूर्यकुंड तालाब, वार्ड क्रमांक 29 स्थित तालाब, वार्ड क्रमांक 38 निगम कार्यालय के पीछे स्थित तालाब (वर्तमान नाम शहीद वीर नारायण सिंह सरोवर)! इन सभी तालाबों में छठ पूजा का आयोजन हुआ था! छठ पर्व के बाद अब निगम क्षेत्र में स्थित तालाबों की सफाई कराई जा रही है!

जनसंपर्क अधिकारी